दिनांक 18.12.2019

**प्रेस प्रकाशनी**

**सीबीएसई द्वारा विद्यादान 2.0 के लिए ई-सामग्री हेतु अनुरोध**

सीबीएसई की पहल "विद्यादान" ऐसा कार्यक्रम है जो शिक्षकों द्वारा ई-सामग्री के दान पर आधारित है। यह शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यालयों और शिक्षकों को ऐसी गुणवत्तायुक्त ई-सामग्री उपलब्ध कराने के लिए देशव्यापी प्रयासों को एकजुट करने के लिए किया गया है, जिसका उपयोग कभी भी, कहीं भी बिना किसी लागत के किया जा सकता है। "विद्यादान" का शुभारंभ 12 सितंबर 2019 को माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री श्री रमेश पोखरियाल द्वारा किया गया था।

"विद्यादान" पर वर्तमान में अंग्रेजी, हिंदी, गणित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान विषयों के लिए सीबीएसई विद्यालयों की 6ठी से 10वीं कक्षा की लगभग 6000 सामग्री उपलब्ध हैं। ये सामग्री www.diksha.gov.in/cbse पर देखी जा सकती है या इस प्रयोजन के लिए एप्लिकेशन स्टोर से DIKSHA एप्प भी डाउनलोड की जा सकती है।

सीबीएसई ने अब विद्यार्थियों को अवधारणाओं और विषयों को बेहतर समझने और अपने ज्ञान को जीवन अनुभवों में क्रियान्वित करने में सक्षम बनाने के लिए तथा शिक्षकों को गतिविधि व अनुभव आधारित शिक्षण और अधिगम से तैयारी और शिक्षण को बेहतर करने में सक्षम बनाने हेतु **विद्या दान 2.0** शुरू करने का निर्णय लिया है।

सीबीएसई ने विद्यालयों के सम्मानित पैनल से परिपत्र संख्या CBSE/DIR (SE&TRG)/2019 दिनांक 16.12.2019 द्वारा विद्या-दान पर कक्षा 1 से 12वीं के लिए उच्च गुणवत्ता सामग्री से मौजूदा ई-सामग्री को बेहतर करने और/या बदलने के लिए नमूना ई-सामग्री प्रदान करने के लिए अपनी रुचि दिनांक 23.12.2019 तक व्यक्त करने का अनुरोध किया है। इसका ब्यौरा बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक http://cbseacademic.nic.in/web_material/Circulars/2019/80_Circular_2019.pdf में देखें। बोर्ड विद्यालयों द्वारा साझा की गई नमूना सामग्री की समीक्षा करेगा और सामग्री के उपयुक्त पाए जाने पर, सीबीएसई द्वारा चुनिंदा विद्यालयों से विद्या दान 2.0 के लिए संपर्क किया जाएगा। सीबीएसई व्यक्तिगत शिक्षक (शिक्षकों)/विद्यालयों को प्रमाण पत्र / पुरस्कार देकर तथा शिक्षक (शिक्षकों) को सीबीएसई शिक्षक पुरस्कार जैसे राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए वेटेज देकर विद्या दान में योगदान देने वाले विद्यालयों और शिक्षकों के प्रयासों को मान्यता देगा।

इस महत्वाकांक्षी परियोजना में सहयोग के लिए और विद्यार्थियों और शिक्षकों के बड़े समुदाय के लाभ के लिए DIKSHA पर अपलोड की जाने वाली निम्न प्रकार की सामग्री का "विद्यादान" हेतु बोर्ड द्वारा आईआईटी, आईआईएसईआर, आईआईएम इत्यादि संस्थानों के प्रतिष्ठित पैनल से भी संपर्क किया गया है।

1. कक्षा 1 से 12 तक गणित और विज्ञान के लिए अनुभवजन्य अधिगम/ क्षमता आधारित अधिगम
2. कक्षा 1 से 12 तक के किसी भी विषय पर HOTS प्रश्न बनाना और साझा करना
3. सीबीएसई के सहयोग से शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करना

**(कार्यालय) वरिष्ठ जन संपर्क अधिकारी, सीबीएसई**